हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

10 ग्रापं ने नागरिकों से की होली को सुरक्षित व ...



12 होली उत्सव की धूम, बाजारों में बढ़ी भीड़ और...





## खबर संक्षेप

### होली जीवन में यज्ञ पर्व है : पंडित त्रिभुवन

**छुईहा बेलर।** जीवन के चहुँओर उल्लास, आनंद, सौंदर्य, सुगंध, अपनत्व और आकर्षण से सराबोर वातावरण का पर्याय-प्रतीक है यह होलिका पर्व। मनुष्य, प्रकृति और परमात्मा के अंतर्संबंधों की अभिव्यक्ति होली की मिठास और रंगों में समाहित हो सभी दिशाओं को



हर्षोल्लास से भर देती है। यह हमारी सनातन यज्ञीय परंपरा का उल्लास पर्व है।ऋषि संस्कृति में सब कुछ यज्ञमय है। जीवन, जगत और ईश्वर सब यज्ञमय स्वरूप में प्रतिष्ठित है। सृष्टि में जीवन-यज्ञ का प्रारंभ अन्न से होता है। अन्न को प्रकृति धारण करती है। प्रकृति के यज्ञ का वरदान अन्न है और अन्न का वरदान जीवन तथा जीवन-यज्ञ का वरदान आनंद है। आनंद में स्वयं परमात्मा प्रतिष्ठित हैं, जो सभी दुःख, कष्ट, पीड़ाओं का नाश करने वाले हैं। होली पर्व इसी अन्न ब्रह्म से आनंद ब्रह्म की जीवनयात्रा का उत्सव है। अन्न की पूजा और आनंद की अभिव्यक्ति-यही होली की दिव्य परंपरा का संदेश है।

### मेला मैदान में चल रही भागवत कथा

**राजिम।** राजिम के मेला मैदान में पंडित संजय पांडे का श्रीमदभागवत कथा महापुराण का आयोजन हो रहा है। रविवार 1



मार्च को शुरू हुए यह कथा 9 मार्च तक चलेगा। कथा के आयोजक शैल मिश्रा-प्रभात सागर, सौम्या मिश्रा है। समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक कथा प्रसंग पे पंडित जी प्रवचन कर रहे है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के अंतर्गत ब्लॉक मैनपुर के शोभा थाना से एक बड़ी खबर सामने आई है, कि शोभा निवासी प्रिंस तिवारी उम्र 19 वर्ष ने रिसगांव मार्ग के स्टाफ डैम के पास सुनसान इलाके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। जिससे



क्षेत्र भर में सनसनी और शोक का माहौल व्याप्त है बता दे कि गरियाबंद जिले के अंतर्गत यह तीसरी घटना सामने आई है जहां पर नौजवान युवकों के द्वारा इस तरह से आत्महत्या जैसी घटना को अंजाम दिया गया है तीन दिन पहले उड़ीसा निवासी एक 38 वर्षी अलकचंद भक्त ने मैनपुर कला के बड़ेचडान के जंगल आत्महत्या की दूसरी घटना ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर के जिला के युवक पूनम चंद मरकाम के द्वारा साथ ही तीसरी घटना में शोभा निवासी प्रिंस तिवारी द्वारा आत्महत्या कर अपने जीवन लीला को समाप्त कर ली गई । जिससे शोभा क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है, साथ ही उनके परिवार में दुख का माहौल व्याप्त है। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्डम करवाकर मामले की जांच किया जा रहा है।

### फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नए पदाधिकारियों की घोषणा

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल,पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, गरियाबंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की



अनुशंसा पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर अध्यक्ष रूपेश साहू ने नवीन पदाधिकारीयों की घोषणा की है जिसमें उपाध्यक्ष रूमन यादव बिजली, महामंत्री डोंगर मरकाम कुण्डेल फिंगेश्वर,दुर्गा प्रसाद सिन्हा चरौदा ,डा राजेन्द्र साहू देवगांव, अशोक निर्मलकर चरौदा, सचिव ईश्वरी साहू बारूला,वासुदेव यादव, खेमराज सिन्हा,थानेश्वर बंजारे चरौदा, सदस्य रोहित साहू देवगांव बनाये गये है।

# बदलते मौसम का प्रकोप : राजिम में बढ़ी घुटने और कमर दर्द की शिकायत

## मलहम और स्प्रे से नहीं मिल रही राहत, विशेषज्ञों ने किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

इन दिनों घुटना और कमर दर्द से पीड़ित लोगो की संख्या तेजी से बढ़ी है। मोहल्लों, बाजारों और दवा दुकानों पर दर्द निवारक मलहम, स्प्रे और तेलों की बिक्री बढ़ गई है, लेकिन राहत नहीं मिल रही। सवाल उठता है कि आखिर ऐसा क्यों? विशेषज्ञो की माने तो ठंड-गर्मी का उतार-चढ़ाव मौसम में अचानक बदलाव-सुबह ठंडक और दिन में गर्मी-शरीर की मांसपेशियों और जोड़ों पर सीधा असर डालता है। तापमान घटने पर मांसपेशियां सख्त हो जाती हैं और जोड़ों में जकड़न बढ़ती है। यही कारण है कि सुबह उठते समय दर्द अधिक महसूस होता है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ संजय पांडे के मुताबिक उम्र के साथ घिसते जोड़ घुटनों का दर्द अक्सर ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण होता है। उम्र बढ़ने के साथ घुटनों की कार्टिलेज घिसने लगती है, जिससे हड्डियाँ आपस में रगड़ खाती हैं और सूजन व दर्द पैदा होता है। ऐसे मामलों में सिर्फ बाहरी मलहम स्थायी राहत नहीं दे पाते। विटामिन डी और कैल्शियम की कमी भी हड्डियों और कमर दर्द का बड़ा कारण है। धूप कम लेने, खानपान में पोषक तत्वों की कमी और शारीरिक गतिविधि घटने से यह समस्या बढ़ रही है। लंबे समय तक एक ही जगह बैठना, कम चलना-फिरना, मोटापा और व्यायाम की कमी-ये सभी कमर और ▶▶|शेष पेज 11 पर

■ सही जांच, आहार और व्यायाम ही स्थायी समाधान

### हल्का व्यायाम और प्राणायाम करना जरूरी

इसके लिए नियमित रूप से हल्का व्यायाम और प्राणायाम करना जरूरी है। सुबह की धूप में 15-20 मिनट तक बैठें। डॉक्टर की सलाह से कैल्शियम और विटामिन डी की जांच कराएं,वजन नियंत्रित रखें,लगातार दर्द होने पर एक्स-रे या एमआरआई की जांच कराएं, बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक दर्द निवारक दवाएं न लें,ऑर्थोपेडिक चिकित्सकों का कहना है कि यदि दर्द 10 दिन से लगातार अधिक बना रहे, सूजन हो या चलने-फिरने में कठिनाई हो, तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। शुरूआती अवस्था में फिजियोथेरेपी और जीवनशैली में सुधार से काफी राहत मिल सकती है।



### सही जांच, संतुलित आहार आवश्यक

डॉक्टर का कहना है कि घुटना और कमर दर्द केवल मौसमी समस्या नहीं है, बल्कि यह शरीर के अंदर चल रही कई प्रक्रियाओं का संकेत हो सकता है। मलहम और तेल से अस्थायी आराम मिल सकता है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए सही जांच, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और विशेषज्ञ परामर्श आवश्यक है। लोगो के लिए यह जरूरी है कि वे दर्द को नजरअंदाज न करें, बल्कि समय रहते सही उपचार अपनाएं-तभी दर्द पर काबू पाया जा सकता है।

## पर्व : एक सप्ताह पहले से मांस-मदिरा पर प्रतिबंध, 3 दिन यज्ञ और होता है विशाल भंडारा

# सीनापाली में 37 साल से जारी सूखी होली की परंपरा है प्रेम और शांति का प्रतीक

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के ओडिसा सीमा से लगे देवभोग सीनापाली गांव में पिछले 37 वर्ष से सूखी होली खेलने की परंपरा है, इस साल भी परम्परानुसार सूखी होली खेली जा रही है, इतना ही नहीं गांव में सप्ताहभर पहले से ही मांस–मदिरा पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाता है, होलिका दहन के 3 दिन पहले से यहां दूर–दूर से आए कीर्तन मंडली, मांदर की थाप पर हरे कृष्ण हरे राम का जाप अनवरत करते रहते हैं।

गांव में भक्तिमय माहौल में महिला–पुरुष एक साथ मिलकर केवल गुलाल से होली खेलते हैं, इन तीन दिनों में विशाल भंडारे में एक साथ सभी एक साथ भोजन भी करते हैं, इस गांव की होली की चर्चा दूर–दूर तक है, ऐसे में सैकड़ों की संख्या में दूरदराज के लोग भी यहां होली खेलने के लिए जुटते हैं, सीनापाली गांव की सूखी होली में पानी का बिल्कुल उपयोग नहीं किया जाता, यहां के ग्रामीण सिर्फ रंग–गुलाल लगाकर भाईचारे और शांति के बीच होली मनाते हैं, होली के तीन दिन पहले से यज्ञ शुरू होता है और फिर होली के दिन सामुहिक भोज का आयोजन भी किया जाता है गांव के वरिष्ठ नागरिक समिति अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, रोहित पटेल, जगमोहन पटेल, दिनेश कुमार अग्रवाल , हेमराज सोनी, रोजांनजली सोनी, शंकरलाल सोनी, प्रेमलाल साहू, कौशिक नायक, नेहरूलाल सोनी, अर्जुन कश्यप, सरपंच रोहित मांझी, लोकनाथ साहू, देवीसिंह साहू, आंनद अग्रवाल ने बताया कि इस परम्परा की शुरूआत साल 1989 के हुडदंग के बाद से हुई थी दरअसल 37 वर्श पहले होलिका दहन के दिन शराब के नशे में डुबे कुछ लोगो के बीच विवाद और मारपीट हो गया इसके बाद पुरे क्षेत्र में तनाव फैल गया था। मिली जानकारी के अनुसार साल 1990 में होली को सादगीपूर्ण तरीके से मनाने के लिए ग्राम पटेल डमरूधर मांझी और तत्कालीन सरपंच बालूराम ▶▶|शेष पेज 121पर

### तीन दिनों तक गांव में नही जलता चूल्हा, सामूहिक रूप से लोग करते है भोजन







### महिलाओं की पहली पसंद यहां की सूखी होली

इस बार गांव में 37 वें साल सूखी होली खेली जा रही है, सीनापाली गांव की होली की ख्याति अब ब्लॉक ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा तक फैल चुकी है, सीनापाली की सरपंच ने बताया कि भयमुक्त होकर यहां महिलाएं होली खेलती हैं। कोई किसी से जोर–जबरदस्ती रंग गुलाल नहीं लगता, सब मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं।



### ओवरलोड वाहनों के कारण बढ़ी सड़क हादसों की आशंका



**मैनपुर।** पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सड़क पर सरपट दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं, वही परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं, अधिकाश टैक्ट्रर चालकों के पास लाईसेंस भी नही है बैगर ड्राईविंग लाईसेंस और प्रशिक्षण के नवसिखया तेज रफ्तार वाहन दौडा रहे है जिसके चलते दुर्घटनाए बढ रही है वही ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्यवाही नही होने के चलते आए दिनों मैनपुर, गरियाबंद, देवभोग मार्ग में वाहने पलट रहे है और सड़के जाम हो रही है। जानकारी के अनुसार रोजाना सैकडों ट्रक, ▶▶|शेष पेज 11 पर

### विधायक की उपस्थिति में होगा राधा कृष्ण मंदिर का विधिवत उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

नवीन श्री राधाकष्णा मंदिर एंव मुक्तिधाम व प्रतिक्षालय का लोकार्पण एवं टीना शेड एंव पुलिया निर्माण भुमि पुजन कार्यक्रम गुरूवार को ग्राम पंचायत छुईहा के तत्वावधान में सुनिश्चित किया गया है। सरपंच विद्या देवी गजेश्वर सिन्हा ने कहा गुरूवार को ग्राम पंचायत छुईहा द्वारा विकास कार्य मुक्तिधाम व प्रतिक्षालय का लोकार्पण एवं टीना शेड एंव पुलिया निर्माण भुमि पुजन कार्यक्रम आयोजित है।



वहीं शासन द्वारा स्वीकृत राशि में ग्रामवासियों की सहभागिता से नवीन श्री राधाकृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया जिसका वैदिक विधिवत उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम में श्री भगत बाबा गिरिराज ध्रुव परेवा वाले का विशेष आगमन होगा। कार्यक्रम का मुख्यातिथि रोहित साहु विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र,अध्यक्षता नंदनी ओंकार साहू सभा पति जिला पंचायत, विशेष अतिथि चंदशेखर साहू जिला महामंत्री भाजपा , सतीश यादव उपध्याक्ष जनपद पंचायत गोपी ध्रुव (अध्यक्ष भाजपा मंडल कोपरा) प्रेमिन/मिथलेश ध्रुव (जनपद सदस्य फिगेश्वर), गजेश्वर सिन्हा (पूर्व जिलध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा गरियाबंद ), सरपंच विद्या देवी सिन्हा, उपसरपंच, पंचगण होंगे।

# होली पर गरियाबंद पुलिस अलर्ट, निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गरियाबंद पुलिस ने जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

■ हुड़दंगियों पर नजर, चौक–चौराहों पर फिक्स ड्यूटी

जिला मुख्यालय सहित राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, पाण्डुका, मैनपुर और देवभोग क्षेत्रों में पुलिस बल ने मुख्य मार्गों व घनी आबादी वाले इलाकों में पैदल मार्च किया। पुलिस का कहना है कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**हेल्पलाइन टीम और बाइक पेट्रोलिंग-** हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए हेल्पलाइन टीम गठित की गई है। मोटर साइकिल सवार जवान संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त



करेंगे। विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने, तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने, जबरन रंग लगाने और महिलाओं से दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**चौक-चौराहों पर फिक्स प्वाइंट ड्यूटी-** सभी थाना क्षेत्रों में चारपहिया वाहनों से नियमित पेट्रोलिंग की जा रही है। प्रमुख चौक-चौराहों पर फिक्स प्वाइंट ड्यूटी लगाई गई है, ताकि कानून व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जा सके। पुलिस कप्तान ने नागरिकों से अपील की है कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### पुलिस ने मैनपुर में निकाला फ्लैग मार्च



मैनपुर। होली का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहद्रापूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस द्वारा कमर कस लिया गया है, पुलिस महानिरीक्षक के दिशा निर्देश एंव पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर मैनपुर एसडीओंपी ओमप्रकाश खुजुर एंव थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में आज सोमवार देर शाम पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया मैनपुर नगर के प्रमुख गलियों चौक, चौराहों से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर होली शांतिपूर्ण मनाने की अपील के साथ ही हुड़दगियों को चेतावनी दिया है कि चप्पे–चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर है होली का त्यौहार सौहद्र और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। एसडीओंपी पुलिस मैनपुर ओमप्रकाश खुजुर ने बताया कि मैनपुर नगर सहित पुरे क्षेत्र में पुलिस के जवान भारी संख्या में तैनात किये गये है होली में हुडदंग मचाने वाले और शराब पीकर महौल खराब करने वाले लोगो पर कठोर कार्यवाही की जायेगी, उन्होने बताया कि होली जलाने की शाम से लेकर होली खेलने तक सतत पेट्रोलिंग जारी है, वि"ोश चेकिंग के साथ पुलिस द्वारा कई स्थानों पर विशेष नजर रखा गया है शांति व सौहद्रापूर्ण होली पर्व मनाने की उन्होने अपील किया है। वही पुरे क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किये गये है ।

## तालाब आधे खाली, बोरिंग-हैंडपंपों की धार कमजोर

# घटते जलस्तर से ग्रीष्मकाल में बढ़ेगी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मार्च की शुरूआती दौर है, लेकिन राजिम क्षेत्र में जलस्तर में चिंताजनक गिरावट दर्ज की जा रही है। ग्रीष्म ऋतु ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है, इसके बावजूद तालाबों का पानी घटने लगा है, कई गांवों में बोरिंग का जलस्तर नीचे चला गया है और नलों से आने वाला पानी भी कम समय तक ही मिल पा रहा है। स्थिति यह संकेत दे रही है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाला ग्रीष्मकाल जल संकट को और गहरा कर सकता है।

■ विशेषज्ञों की चेतावनी-अभी नहीं चेते तो मई-जून में हालात होंगे विकट

बता दें कि लगातार गांवों में तालाब सुख रहे है और भूजल का स्तर नीचे की ओर जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। जिन तालाबों में फरवरी तक पर्याप्त पानी रहता था, वे अब आधे से भी कम भराव पर पहुंच गए हैं। कई छोटे जलस्त्रोतों का तल दिखने लगा है। बोरिंग और हैंडपंपों में भी पानी का स्तर नीचे खिसक गया है। जहां पहले एक बाल्टी भरने में कुछ ही मिनट लगते थे, अब वहां पानी की धार कमजोर हो गई है। नगर और कस्बाई क्षेत्रों में भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। जिन क्षेत्रों में प्रतिदिन आधे घंटे पानी मिलता था, वहां अब कम समय तक सप्लाई हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार जल संकट के पीछे कई कारण हैं जिसमें अपेक्षित वर्षा का अभाव, जल संचयन की अपर्याप्त व्यवस्था और भूजल का अंधाधुंध दोहन शामिल है। इससे भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे जाने से गर्मी के महीनों में स्थिति और विकट हो सकती है।

### जल संकट केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी

ग्रीष्मकाल में परेशानी बढ़ सकती है अप्रैल और मई में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना रहती है। ऐसे में जल की मांग तेजी से बढ़ेगी, जबकि उपलब्धता घटेगी। यदि फरवरी में ही यह हाल है, तो मई-जून में हालात और गंभीर होने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अभी से जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए, तो कई गांवों में स्थिति विकट हो जाएगी। जल संकट केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि अभी सतर्कता नहीं बरती गई, तो आने वाले महीनों में पानी की किल्लत आम जनजीवन को प्रभावित कर सकती है। समय रहते जल संरक्षण और भूजल प्रबंधन पर ठोस कदम उठाना ही इस संभावित संकट से बचने का एकमात्र उपाय है। जल है तो कल है-यह केवल नारा नहीं, बल्कि वर्तमान परिस्थितियों में सच्चाई बनता जा रहा है।



### धोबी समाज हमारे समाजिक ढाचे महत्वपूर्ण अंग : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज अभनपुर बेलर परिक्षेत्र का 31वां वार्षिक अधिवेशन ग्राम धुसेरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संत गाडगे महाराज एवं नातिन धोबिन माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया।

■ बृजमोहन अग्रवाल ने सामाजिक भवन और सड़क निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि झेरिया धोबी समाज हमारी परंपरा, परिश्रम और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। वर्षों से सेवा, स्वच्छता और अनुशासन को अपना धर्म मानकर समाज ने सामाजिक जीवन को सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर सांसद ने समाज भवन निर्माण एवं सीसी रोड के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा करते हुए समाज के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक इंद्र कुमार साहू ने महिलाओं एवं युवाओं से समाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने टीना शेड निर्माण कराने की घोषणा भी की। अधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष चूड़ामणि निर्मलकर, ▶▶|शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**

## होली पर शांति कायम रखने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**अभनपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रायपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा अभनपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक तुलसीराम लेकाम तथा थाना अभनपुर का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। फ्लैग मार्च अभनपुर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्र एवं संवेदनशील इलाकों से होकर निकला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया गया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी रायपुर ग्रामीण ने कहा कि होली के दौरान पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## वृद्धा, विधवा एवं विकलांगों को 3 माह से पेंशन अप्राप्त

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर से संबंधित हितग्राहियो को विगत 3 महीने से वृद्धा,विधवा एवं विकलांग पेशन नही मिली है,इन व्यक्तियो को पेंशन ही एकमात्र सहारा होता है,होली त्यौहार मे यह बेसहारा लोगो को एक एक रूपये के लिए भटक ना पड़ रहा है,पेशन नही मिलने का नगर पालिका से कोई स्पष्ट कारण भी नही बताया जा रहा है,विगत कई वर्षो से जिन व्यक्तियो को लगातार पेंशन मिलता आ रहा है उन्हे भी तकनीकी कारणो से पेशन नही मिलना बताया जा रहा है,लेकिन 2-4 लोगो के रिकार्ड मे दिक्कत हो सकती है,सभी के दस्तावेज मे कमी होना संभव नही है,खाते मे राशि का पता लगाने के लिए हितग्राही नगर पालिका के साथ ही बैक भी चक्कर काट रहे है जिन व्यक्तियो का केवल इसी पैसे से उनका जीवन का निर्वहन होता है होली जैसे त्यौहार मे भी उनको पेंशन नही मिलने से भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध मे सीएमओ सौरभ शर्मा से जानकारी लेने पर उन्होने बताया तकनीकी कारणो से कई हितग्राहियो को पेंशन जारी नही हो पाया है , प्रक्रिया पूरी कर पेंशन भुगतान किया जा रहा है।

## शराब पीने के लिए सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम घोटियापानी में लोगों को शराब पीने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति पर बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नरसिंह मांझी अपने मकान के सामने ग्राम घोटियापानी में आने जाने वाले लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की, जिस पर संदेही ने अपना नाम नरसिंह मांझी पिता रामसिंह मांझी (40 साल) घोटियापानी होना बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# होली के रंगों में रंगा गरियाबंद, पर्व को लेकर बाजारों में उमड़ा उत्साह

**बच्चे-बड़े कर रहे हैं खरीदारी, पिचकारी और गुलाल की दुकानों में भीड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

होली पर्व को लेकर जिले भर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। 02 मार्च सोमवार को शहर सहित ग्रामीण अंचलों में रंग–गुलाल और पिचकारी की दुकानों पर दिनभर खरीदारों की भीड़ लगी रही। देर रात होलिका दहन के साथ पर्व की विधिवत शुरुआत हुई। ग्रहण काल के सूतक समाप्ति के बाद 04 मार्च बुधवार को रंगों का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर बच्चों से लेकर बड़ों तक में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

जिला मुख्यालय के साथ-साथ गांवों के बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और तरह-तरह के मुखौटों की दुकानें सजी हुई हैं। बच्चे अपने मनपसंद कार्टून पिचकारी और आकर्षक मुखौटे खरीदते नजर आए। बस स्टैंड में नगाड़ों की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। अलग-अलग साइज के नगाड़े बिक्री के लिए उपलब्ध रहे। नगाड़ा विक्रेता सुखचंद बिनझेकर ने बताया कि वे हर वर्ष होली के अवसर पर बाजार में नगाड़े बेचने आते हैं और उनके बनाए नगाड़ों को लोग काफी पसंद करते हैं। होली के अवसर पर बाजारों की रौनक यह दर्शा रही है कि लोग पूरे उत्साह के साथ इस पर्व की तैयारी में जुटे हैं। रंगों, संगीत और आपसी भाईचारे के इस पर्व को लेकर जिले में उल्लास का माहौल है। होली का यह पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश लेकर आए—इसी कामना के साथ जिलेवासी रंगों के इस महापर्व का इंतजार कर रहे हैं।






### मांग : व्यापारियों के औने-पौने दाम में बिक्री से किसान आर्थिक संकट में

# समर्थन मूल्य पर मक्का नहीं बिकने से किसान परेशान, विधायक से की फरियाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में लगभग 10 हजार हेक्टेयर मे किसानों ने मक्का की फसल लिया है और इस वर्श छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मक्का की फसल को समर्थन मूल्य पर नही खरीदने के कारण किसानों के सामने भारी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है, बिचौलिया और व्यापारियो द्वारा 12–15 रूपये किलो में मक्का खरीदा जा रहा है जबकि किसानो को मक्का उत्पादन में 20 से 25 रूपये खर्च आया है सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मक्का नही खरीदने के ऐलान के बाद कई किसानो ने मक्का औने–पौने दाम पर व्यापारियों को बेचा भी है लेकिन उन्हे लागत भी हासिल नही हुआ। मैनपुर क्षेत्र के राजापडाव गौरगांव ईलाके के दौरे पर पहुचे विधायक जनक धुरव को क्षेत्र के किसानों ने अपने खलियानो में रखे मक्का फसल को दिखाया तीन माह से किसान मक्का की फसल को काटकर अपने खलियानो में रखे हुए है, उन्हे सही दाम नही मिलने के कारण किसान मक्का नही बेच पा रहे है जिसके कारण किसानों की स्थिति बेहद खराब होती जा रही है, किसान हरीशचंद मंडावी, शकर नेताम, रामलाल सोरी, कुंवर सिंह, गोकुल राम मरकाम, महेश नेताम, सरपंच चिमन नेताम, श्रीराम मरकाम, खगेश्वर नागवंशी, शत्रुघन मरकाम ने विधायक जनक धुरव से मांग किया कि उनके समस्याओं से प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय को अवगत कराकर समस्या का समाधान किया जाए। विधायक जनक धुरव ने किसानों को रायपुर बुलाया है और इस मामले को लेकर जल्द ही किसानों के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री और कृशिमंत्री से मुलाकात करवाने का आश्वासन दिया है विधायक जनक धुरव ने मिडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्रनपुर देवभोग ईलाके के किसान लगभग 20 से 22 हजार हेक्टेयर में मक्का की फसल लिये है और इस वर्श छत्तीसगढ भाजपा सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर मक्का की फसल नही खरीदी किया जा रहा है जिसके कारण मक्का को व्यापारियों द्वारा महज 12से 15 रूपये किलो में खरीदा जा रहा है जबकि लागत बढ गई है ऐसे में किसान अपने मेहनत की कमाई को औने–पौने दामो 'पर बेचने मजबूर हो रहे है किसानों को भारी नुकसान हो रहा है उन्होने कहा कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एंव कृशि मंत्री को समस्या से अवगत करायेंगे ।

- **किसानों का आरोप सरकार ने समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा मक्का**

# ग्रापं ने नागरिकों से की होली को सुरक्षित व मर्यादित तरीके से मनाने की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

पंचायत रसेला के सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव ने समस्त ग्रामवासी और क्षेत्रवासियों को रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी से होली का त्योहार शांतिपूर्ण और मर्यादित तरीके से मनाने का आग्रह किया है। सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पटेल ने अपने संदेश में विशेष रूप से युवाओं और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। आगे कहा कि त्योहार की गरिमा बनाए रखें। नशे की हालत में किसी भी प्रकार की अभद्रता या गाली - गलौज न करें, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे। शराब पीकर हुड़दंग मचाने से बचें ताकि समाज में शांति बनी रहें। इन लोगों ने कहा कि रंगों का यह उत्सव आपसी मतभेदों को भुलाकर एक दूसरे को गले लगाने का अवसर है। इसे सुरक्षित तरीके से मनाएं और हुड़दंग बाजी से दूर रहकर एक आदर्श उदाहरण पेश करें। आज मंगलवार को रात्रि में रसेला सहित क्षेत्र में गांव की बैगा और ग्राम प्रमुखों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर मंत्र जाप करने के पश्चात चकमक पत्थर से अग्नि उत्पन्न कर उससे होलिका जलाई जाएगी। जिसे कुंवारी होली कहां जाता है। रंग गुलाल खेलने के पश्चात कई समाज के लोग अपने घरों पर नया गेहूं को पीसकर मालपुआ,बोबरा,रोठ बनाकर इस दिन अपने इष्ट देव को चढ़ाकर उसे प्रसाद स्वरूप सभी ग्रहण करते हैं। क्षेत्र में सभी जाति के लोग हर चौक चौक में बैठकर एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर हर्ष उल्लास के साथ होली का पर्व मनाते हैं।

## पार्टी के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे : सोनकर

**राजिम।** ज़िले की राजनीति में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कांग्रेस के उच्च नेतृत्व ने राजिम के युवा नेता पवन सोनकर को ज़िला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा द्वारा की गई इस नियुक्ति के बाद पूरे राजिम क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल है। श्री सोनकर को बधाई देने के लिए समर्थकों का तांता लगा रहा। पार्टी के पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए पवन सोनकर ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के प्रति कृतज्ञता जताई। कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। श्री सोनकर ने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने तथा आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का काम करेंगे। कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनके उपाध्यक्ष बनने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति को मजबूती मिलेगी। राजिम क्षेत्र में इस नियुक्ति को कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार और युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। कार्यकर्ताओं को विश्वास है कि पवन सोनकर के नेतृत्व में ज़िला कांग्रेस और अधिक सशक्त व सक्रिय रूप में सामने आएगा।



# रसेला-छुरा मार्ग पर होली चंदा बच्चों के लिए बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

हर वर्ष रसेला से छुरा मार्ग पर होली के समय ग्राम रावनाभाटा, टेगनाबासा, सेम्हरा, कनसिघी, दादरगाव नया, फूलबाहरा में मासूम बच्चे सड़क के दोनों ओर रस्सी तानकर बीच मार्ग में खड़े होकर, आने जाने वाले और गुजरते वाहनों को जबरन रोककर होली चंदा मांग रहे हैं। यह नजारा सिर्फ अव्यवस्था नहीं, बल्कि खुला दुर्घटना को आमंत्रण कर रहे हैं। तेज रफ्तार से दौड़ते ट्रक, बाइक,कार और अन्य वाहन सड़क पे अचानक सामने खिंची रस्सी किसी भी क्षण भयानक हादसे में बदल सकती है। एक सेकंड की चूक, एक झपकी,एक ब्रेक फेल और मासूम जिंदगी सड़क पर खत्म हो सकती है।

सवाल यह है कि आखिर इन बच्चों को इस तरह मौत के मुह में चंद पैसों के लिए धकेलने की जिम्मेदारी कौन लेगा। अगर किसी जगह पर होली चंदा लेते वाहनों द्वारा किसी बच्चे के ऊपर दुर्घटना हो जाता है तो उसके माता-पिता और ग्रामीण उस समय सिर्फ वाहन चालक को दोषी ठहराया जाएगा, बच्चे की ग़लती इस समय किसी को नजर नहीं आएगा। इस समय बच्चे के माता-पिता अपने बच्चों को इस कार्य करने के लिए रोक सकते मगर नजरअंदाज कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कई स्थानों पर बच्चे सड़क के बीचों-बीच खड़े होकर वाहन रोकते हैं। यदि कोई चालक समय पर ब्रेक न लगा पाए तो सीधा टक्कर तय है। सबसे चिंताजनक बात गांव के जिम्मेदार लोग, अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि सब कुछ देखते हुए भी खामोश हैं। क्या उन्हें अंदाजा नहीं है कि एक भीषण सड़क हादसा पूरे परिवार व क्षेत्र को मातम में बदल सकता है। क्या शासन प्रशासन भी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।



**अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि खामोश, प्रशासन पर सवाल**

**मांगः रस्सी लगाकर वाहन रोकने पर लगे पूर्ण प्रतिबंध-** क्षेत्र के लोग जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से तत्काल होली चंदा लेने वाले को बंद कराने की मांग की है। रसेला से छुरा मार्ग पर जगह-जगह रस्सी लगाकर वाहन रोकने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और अभिभावकों को स्पष्ट चेतावनी दी जाए कि बच्चों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। होली रंगों और उल्लास का पर्व है, लेकिन यदि वही लापरवाही जारी रही तो यह पर्व किसी के घर की खुशियां हमेशा के लिए छीन सकता है। अब प्रशासन की परीक्षा है, क्या समय रहते कदम उठाए जाएंगे या फिर किसी मासूम की जान जाने का इंतजार कर रहा है।

## कार की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** बंसुला के एक राइस मिल के पास बाइक को कार ने टक्कर मार दिया। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं एक व्यक्ति घायल हो गया। बसना पुलिस को परसकोल निवासी नरेश भोई ने बताया कि उसके बड़े पिताजी का बेटा मनमोहन भोई दो माह पूर्व काम करने रायपुर गया था। 1 मार्च को मनमोहन भोई अपने साथी बसंत कुमार बरिहा के साथ उसके मोटर सायकल सीडी डॉन सीजी 04 सीबी 0135 से घर आ रहा था। मोटर सायकल को मनमोहन भोई चला रहा था, रात्रि करीबन 09.30 बजे नीलांचल राइस मिल बंसुला के पास सामने से आ रही हुंडई आई 20 कार क्रमांक जेएच 01 डीएन 2127 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर खतरनाक ढंग से चलाकर बाइक को टक्कर मार दिया गया।

# फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

संगठन में कसावट लाने और आगामी कार्यक्रमों को गति देने के लिए गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू ने अपनी नई ब्लॉक कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की ओर से सोमवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल कार्यभार संभालने और संगठन के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस नई कार्यकारिणी में ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग का संतुलित समावेश किया गया है। 1 भुपेश शर्मा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार 2.उपाध्यक्ष– कमल भारती बिरोड़ा,3.उपाध्यक्ष– डॉ रमेश साहू कोपरा 4.उपाध्यक्ष– भुवनेश्वरी बंजारे– सुदामा वर्मा परतेवा 6.उपाध्यक्ष– योगेश्वरी साहू,कोपरा,7.उपाध्यक्ष– रूमन यादव बिजली 8.महामंत्री– रूद्रेश सिंन्हा लचकेरा 9.महामंत्री– रामनारायण साहू राजिम 10.महामंत्री– हिमेश्वरी साहू बेलटुकरी 11.महामंत्री– डोंगरसिंग मरकाम फिंगेश्वर 12.महामंत्री– डॉ राजेंद्र साहू देवगांव 13.महामंत्री– अशोक निर्मलकर चरौदा 14.महामंत्री– दुर्गा सिन्हा चरौदा 15.महामंत्री– सुंदर साहू सेम्हरतरा 16.सचिव – ईश्वरी साहू बारूला 17.सचिव– राजऋषि टंडन फिंगेश्वर 18.सचिव– कुलेश्वर साहू राजिम 19.सचिव– चंम्पू सतनामी पाली 20.सचिव– लेखराम साहू लालपुर 21.सचिव– ईशू तारक कोपरा 22.सचिव– वासुदेव यादव चैतरा 23.सचिव– थनेश्वर बंजारे चरौदा 24.खेमराज सिंन्हा सेंदर 25.सचिव– डोमन लाल तारक बेलटुकरी 26.कार्यकारिणी सदस्य– रामकृष्ण तिवारी फिंगेश्वर 27.कार्यकारिणी सदस्य– रोहित साहू देवगांव 28.कार्यकारिणी सदस्य– देवेंद्र साहू.राजिम 29.कार्यकारिणी सदस्य– मुकेश धुरव लचकेरा 30.कार्यकारिणी सदस्य– कमलेश यदु परसदा जोशी 31.कार्यकारिणी सदस्य– संतू धुरव जेंजरा शामिल है।

### यात्री बसों के पहिए भी थमेंगे, चढ़ने लगी होली की खुमारी

# होली पर पांच दिनों तक बंद रहेगा सब्जी बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रंगों के त्यौहार होली को देखते हुए शहर में आवश्यक सेवाओं पर व्यापक असर पड़ने वाला है। सब्जी व्यवसाय संघ ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष होली के अवसर पर शहर का मुख्य सब्जी बाजार लगातार पांच दिनों तक बंद रहेगा। सोमवार 2 मार्च से शुरू होकर यह अवकाश शुक्रवार 6 मार्च तक रहेगा, जिसके बाद शनिवार को बाजार दोबारा खुलेग। सब्जी व्यवसाय संघ के प्रतिनिधि संतोष चंद्राकर ने बताया कि होली के दौरान न केवल व्यापारी और कर्मचारी अवकाश पर रहते हैं, बल्कि सब्जियों की आवक के लिए उपयोग होने वाले परिवहन के साधन भी बंद हो जाते हैं। इस साल होलिका दहन और रंग वाली होली के बीच एक दिन का अंतर होने के कारण बाजार बंद रहने की अवधि बढ़ गई है। प्रशासन और संघ द्वारा बाजार में इस संबंध में सूचना चस्पा कर दी गई है ताकि लोग समय रहते अपनी जरूरत की सब्जियां खरीद सकें।



### वर्तमान भाव और स्टॉक की स्थिति

बाजार बंद होने की खबर के चलते बड़ी संख्या में लोग पहले ही सब्जियों का स्टॉक जमा करने में जुट गए हैं। राहत की बात यह है कि वर्तमान में सब्जियों की आवक अच्छी है और कीमतें भी सामान्य बनी हुई हैं। बाजार में वर्तमान भाव टमाटर 10 रुपये किलो, गोभी 40 रुपये किलो, मटर 30 रुपये किलो, सेमी 20 रुपये किलो, भिंडी 80 रुपये किलो थोक बाजार बंद होने से फुटकर विक्रेताओं को नया माल नहीं मिल पाएगा। ऐसे में केवल वही दुकानदार सब्जी बेच सकेंगे जिनके पास पुराना स्टॉक बचा होगा। हालांकि, शहर के कुछ मोहल्लों में छिटपुट दुकानें खुलने से स्थानीय लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### परिवहन सेवा भी होगी प्रभावित

सब्जी बाजार के साथ-साथ यात्री बसों का परिचालन भी बुरी तरह प्रभावित रहेगा। होली के दिन ड्राइवरों और कंडक्टरों के अवकाश पर रहने के कारण बसों के पहिए पूरी तरह थमे रहेंगे। सोमवार शाम से ही बसों की संख्या कम होनी शुरू हो जाएगी। होली के अगले दिन भी केवल आधी बसों के चलने की संभावना है। परिवहन ठप होने और ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। रेलवे स्टेशन पर भी त्यौहार के मद्देनजर यात्रियों का भारी दबाव रहने की आशंका जताई गई है।

खबर संक्षेप

## प्रकाश सिन्हा बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति तथा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुशंसा एवं विधायक रोहित साहू, भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, किसान



मोर्चा जिला अध्यक्ष हलमन सिंह ध्रुवा एवं महामंत्री संदीप पाण्डेय की सहमति से प्रकाश सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति से जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है तथा सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रमुख रूप से जिला महामंत्री शेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, प्रदेश "मन की बात" सह-प्रमुख चंदन साहू, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, मंडल जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, फ़नेश्वरनाथ महाविद्यालय के अध्यक्ष राजू साहू पूर्व किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनीष हरित महामंत्री किशन कड्रा, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष (युवा मोर्चा) गुलशन सिन्हा महामंत्री पालेंद्र साहू, पुरूषोतम गोस्वामी, पुष्पा देवानंद सिन्हा पंकज निर्मलकर, हेमलाल नेताम,सोमन यदु, रमन नामदेव मीडिया प्रजराम ध्रुव, तेजराम निर्मलकर, रूपेश्वर साहू,रवि साहू,तारणि देवनाथ ध्रुव, लता साहू,वीरेन्द्र साहू, मुकेश पटेल, पूर्णिमा कंवर, भूपेश सिन्हा, खेमलाल सिन्हा गोविंद यादव लुकेश छत्रपाल, वेशणरायण ठाकुरसहित अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश सिन्हा ने प्रदेश व जिला संगठन के सभी वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी साथियों के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

## फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप सीएचसी सरायपाली में लगा

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया। जिसमें कुल 48 मानसिक रोग के मरीजों को निःशुल्क दवाई दी गई। सभी को मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। जिसमें 15 साइकोसिस, 10 बीपीएडी, 6 डिप्रेशन 4 एंजाइटी। 4 सब्सटेंस एब्यूज, 2 एम आर, 2 एपिलेप्सी, 5 अन्य मानसिक बीमारी से सफर कर रहे।

निधन

## वेदप्रकाश साहू

**नवापारा-राजिम।** अधिवक्ता नोटरी वेदप्रकाश साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम



तामासिवनी में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं गांव के लोग शामिल हुए। वे नवापारा शहर में अधिवक्ता एवं नोटरी के रूप में काफी लोकप्रिय थे। शहरवासियो ने अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

क्रमांक/ Q / तह./ रीडर/ 2025

फिंगेश्वर , दिनांक 18.02.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका देवकी बाई पिता/पति मयाराम जाति कंवर निवासी जामगांव प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. फिंगेश्वर, तहसील फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने इस न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने पिता मयाराम पिता/पति गोपालराम की मृत्यु दिनांक 15.02.2004 को ग्राम जामगांव में हुआ है। जिसकी मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका नियत तिथि 05.03.2026 को नियत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05.03.2026 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के शील मोहर से जारी किया गया। न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

मुहर

# गोहरापदर में अंगारों पर नंगे पांव चलकर मनाया जा रहा होली का अनोखा उत्सव

## गांव में सुख समृध्दि लाने और बीमारियों को दुर रखने के लिए अनोखा रिवाज

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

होलिका दहन के बाद लोग नंगे पांव धधकते अंगार पर ऐसे चलते है जैसे फुलों पर चल रहे है यह रिवाज पिछले 70 वर्षो से चला आ रहा है, लोगो का मानना है होलिका दहन के बाद बने अंगार पर चलने से शारीरिक कष्ट दुर होते है, पीढी दर पीढी चली आ रही इस परंपरा को लोग खुशी से आज भी स्वीकार करते है, गरियाबंद जिले के आदिवासी विकास खंड मैनपुर के ग्राम गोहरापदर में होलिका दहन के बाद दहकते आग पर नंगे पांव चलने की यहां तस्वीरें और वीडियो बेहद हैरत भरा है जिस आग पर चलने की सोचकर हम सब घबरा जाएं, उस आग पर पूरी आस्था के साथ चलते हैं ग्रामीण नंगे पैर अंगारों पर चलकर होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से गांव पर आपदा नहीं आती. सदियों पुरानी अपनी इस परंपरा का पालन आज भी पूरी आस्था से करते हैं ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है, होली के दिन देश के विभिन्न हिस्सों में कहीं फूलों की होली होती है, तो कहीं लोग एक–दूसरे पर लट्ठ बरसाते हैं. लेकिन मैनपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम गोहरापदर में अंगारों से होली खेली जाती है. हालांकि इस पर यकीन कर पाना किसी किसी को थोड़ा मुश्किल जरूर हो सकता है पर यहां पुरी तरह सत्य है. गांव में देवी देवताओं की पूजा अर्चना करने के बाद होलिका दहन किया जाता है देवी माता के जयकारो के साथ छोटे छोटे बच्चों से लेकर युवा बुजुर्ग बारी बारी से दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलते हैं और पूरी तरह सुरक्षित निकलते हैं. यह यहां की परंपरा है।



### बरसों से चली आ रही हैं परंपरा: ग्रामीण

गांव में विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से होलिका दहन किया जाता है. इसके बाद अंगारों पर नंगे पैर चलने का सिलसिला शुरू होता है। यह परंपरा कब शुरू हुई और किसने शुरू की, इसकी सटीक जानकारी किसी के पास नहीं है. हालांकि ग्राम वरिष्ठ जुगधर यादव, मेघराम बघेल, नरसिंह यादव, विष्णु नारायण तिवारी, गुरू नारायण तिवारी, देवीराम नेताम, ललित राम मांझी, त्रिलोचन कश्यप, दीनाराम साहू, युष्ठिठीर नागेश ने बताया कि बरसों से देखते चले आ रहे हैं परंपरा को. बताते हैं कि गांव में कभी भी कोई आपदा नहीं आए, इसी मान्यता के चलते प्रत्येक वर्ष होली पर यह परंपरा को निभाते आ रहें हैं और आगे भी निभाएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि होलिका दहन से पहले गांव के देवी माता की पूजा अर्चना करते है होलिका दहन की राख से तिलक लगाते है।

**कार्यक्रम :** अवधराम सिन्हा ने समाज में एकता, अनुशासन और सामाजिक मर्यादाओं पर जोर दिया

# टेंगनाबासा में छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र छुरा का हुआ वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र छुरा का वार्षिक अधिवेशन रविवार को ग्राम टेंगनाबासा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव जी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलार समाज के जिला अध्यक्ष अवधराम सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए एकता, अनुशासन और सामाजिक मर्यादाओं के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। अधिवेशन के दौरान छुरा परिक्षेत्र के ग्राम प्रमुखों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसके बाद समाज के पदाधिकारियों द्वारा वर्ष भर के आय-व्यय का विवरण समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा आगामी कार्ययोजनाओं एवं प्रमुख सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलार समाज परिक्षेत्र छुरा के वार्षिक अधिवेशन में जिलाध्यक्ष अवधराम सिन्हा, संरक्षक दिनुराम सिन्हा, डायमंड सिन्हा खोमन सिन्हा, शिवलाल, सिन्हा, हरिराम सिन्हा, गोसाईं राम सिन्हा, हेमन्त सिन्हा, मानसिंह सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, गुलशन सिन्हा, उत्तम सिन्हा, नारायण सिन्हा, मोहेन्द्र सिन्हा, मिथलेश सिन्हा, रमेश सिन्हा, मातृशक्ति में नरबदिया बाई सिन्हा, कुन्ती सिन्हा, टिकेश्वरी सिन्हा, परनिया सिन्हा, साथ ही अधिक संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



### पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर असमंजस

अधिवेशन में छुरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के चुनाव का मुद्दा भी चर्चा का विषय रहा। हालांकि कई सामाजिक बंधुओं ने बिना चुनाव प्रक्रिया के सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन का सुझाव दिया।अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष शिवलाल सिन्हा एवं मानसिंह सिन्हा दोनों ने दावेदारी प्रस्तुत की है। वर्तमान अध्यक्ष शिवलाल सिन्हा ने समाज से एक और अवसर देने का आग्रह किया, वहीं मानसिंह सिन्हा ने भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक मौका देने की अपील की। अब देखना यह होगा कि कलार समाज छुरा परिक्षेत्र में अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से होगा या चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से। फिलहाल इस विषय को लेकर समाज में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### गरियाबंद जिला के लिए पारित प्रमुख नियम

1. सगाई एवं विवाह संबंधी नियमः सगाई में वरमाला पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। सगाई उपरांत एवं विवाह पूर्व वर-वधु द्वारा किसी प्रकार का छायाचित्र (प्री-वेडिंग शूट) नहीं कराया जाएगा। सगाई एवं विवाह समारोह में केक काटने पर प्रतिबंध रहेगा। सगाई एवं विवाह की सूचना ग्राम प्रमुखों को अनिवार्य रूप से देना होगा।
2. छठी कार्यक्रम संबंधी नियमः सामान्य प्रसव की स्थिति में शिशु जन्म के 6 दिवस के भीतर छठी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) से प्रसव होने की स्थिति में 2 माह के भीतर छठी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त भी समाज द्वारा अन्य अनुशासनात्मक नियम बनाए गए, जिनका पालन सभी सामाजिक बंधुओं से अपेक्षित है।

# विधायक ने पैदल घूमकर की की होली की खरीदारी, बच्चों में बांटे रंग और पिचकारियां



शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

होली पर्व को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है सभी लोग होली की तैयारी में लगे हुए है, ऐसे में बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक धुरव अपने पत्नी वर्शा धुरव एंव बच्चो के साथ आज सोमवार को मैनपुर साप्ताहिक बाजार में पैदल घुम घुमकर होली त्यौहार की खरीदी करते नजर आये विधायक को एक सामान्य नागरिक की तरह पैदल घुम घुमकर खरीदारी करते देख लोगो की भींड लग गई।

विधायक जनक धुरव ने होली पर्व के लिए अपने पंसद के गुलाल, रंग, पिचकारी मिठाई के साथ नंगाडा की खरीदी बाजार में पैदल घुम घुमकर किया इस दौरान विधायक ने जिस जिस दुकान से पिचकारी रंग गुलाल खरीदे वंहा ग्रामीणों की भींड लग गई और विधायक ने 100 से ज्यादा बच्चों को अपने तरफ से पिचकारी रंग गुलाल खरीदकर वितरण किया साथ ही बच्चों से कहा होली का त्यौहार धुमधाम के साथ मनाये बच्चों ने विधायक के हाथों से रंग गुलाल और अनेक प्रकार के पिचकारियॉ उपहार में पाकर खुशी से फुले नही समा रहे थे, इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भी भींड लग गई, विधायक ने ग्रामीणों के साथ सौरभ चाय कैंटींन में बैठकर चाय नाश्ता का मजा लिया और सभी ग्रामीणों को होली पर्व की बधाई दी। इस दौरान संक्षिप्त चर्चा में विधायक जनक धुरव ने बताया कि होली पर्व के लिये पिचकारी रंग गुलाल और मिठाई नंगाडे खरीदी करने के लिए बाजार पहुचे है, उन्होने बताया कि हर त्यौहार में अपने परिवार के साथ स्वंय खरीदी करते है, इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण धुरव, महामंत्री गेंदु यादव, डोमार साहू, नेयाल नेताम, सोहन नागेश, प्रियंका कपील, जाकीर रजा एंव कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अपने जन्मदिन पर पूर्व सांसद चंदूलाल ने किया गायत्री मंदिर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

महासमुंद क्षेत्र के पूर्व सांसद राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष चंदुलाल साहू ने अपना जन्मदिन सादगी और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया। सादगी और सेवा का संदेश देते हुए जन्मदिन की शुरूआत उन्होंने प्रातः काल भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर में पूजा अर्चना कर समूचे क्षेत्र के खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। वे स्थानीय गायत्री मंदिर गए पूजा करके मंदिर परिसर में आम और अशोक के पांच पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थको ने उनके इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। मंदिर से लौटने के बाद वे अपने निवास पर परिवारजनों, पार्टी कार्यकर्ताओं तथा समर्थको के बीच



सादगीपूर्वक केक काटा।

इस अवसर पर पूरा दिन उनके निवास पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतक बड़ी संख्या में पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते रहे। देर रात तक उनके निशुभकामनाओं का सिलसिला चलता रहा। श्री साहू ने जनसेवा के प्रति अपना समर्पण दोहराया।

### ये रहे शामिल

बधाई देने पहुंचने वालो में विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जिला सोसायटी संघ के महाअध्यक्ष एवं रसायन उर्वरक बीज प्रकल्प भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक जितेंद्र सोनकर, वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, योगिता-डॉ केआर सिन्हा, लखन लाल सिन्हा, विक्रम मेघवानी, मोहन साहू, जिला पंचायत के सभापति नंदनी-ओंकार साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, ईश्वर साहू, कुंजबिहारी साहू, राधेश्याम बंजारे, डॉ महेंद्र साहू, प्रदीप जैन, जितेंद्र पेंढरिया, लोकेश सोनी, कमलनारायण देवांगन, मनोज देवांगन, नारायण साहू, आकाश राजपूत, मनीष हरित, आस्तिक मानिकपुरी, पूर्णिमा चंद्राकर, छाया राही, देवकी साहू, खुशी साहू, लक्ष्मी श्रीवास्तव, पुष्पा साहू, रामाधार साहू, मोती साहू, कोमल ढीढी, डॉ दिलीप साहू, सोमप्रकाश साहू, भारत यादव, बलराम यादव, कुलेश्वर साहू, सुरेश पटेल, परदेशी राम साहू, बॉबी चांवला, सुनील श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल थे।

# 5 हजार श्रद्धालुओं ने तीन दिवसीय गुरु दर्शन मेले में निःशुल्क आयुर्वेद शिविर का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

परमपूज्य गुरु घासीदास बाबा के पावन तपोस्थली गिरौदपुरी धाम में आयोजित तीन दिवसीय गुरु दर्शन मेला इस वर्ष भव्य एवं ऐतिहासिक रूप में संपन्न हुआ।आस्था,श्रद्धा और सेवा के इस संगम में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने मेले को विशेष बना दिया।

इस पावन अवसर पर ई–विलेज एजुकेशन सोसाइटी फाउंडेशन फिंगेश्वर एवं आयुष विभाग रायपुर के सहयोग से विशाल निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रिसिंपल आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर डॉ. जोशी,आयुष बालौदाबाजार की जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.पेकरा,शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय गिरौदपुरी की टीम सहित अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। तीन दिनों तक चला सेवा का महाअभियान–पंचमी से प्रारंभ हुए शिविर में डॉ.पूजा वर्मा(शिविर इंचार्ज) के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने हजारों श्रद्धालुओं का परीक्षण कर निरूशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया। टीम में डॉ. ओम विजय साहू, डॉ. सविता जांगड़े, श्री चूड़ामणि दास वैष्णव सहित अन्य सहयोगी शामिल रहे। षष्ठी के दिन डॉ. प्रज्ञा मिश्रा,डॉ. टिकेश्वरी मिश्रा, श्री राज कुमार मधुकर एवं श्री थवाईत राम पैकरा ने सेवाएं दीं।सप्तमी के दिन डॉ. हरकिशोर, डॉ. निधि नेताम एवं श्री हरि राम पटेल ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार प्रदान किया।इस पूरे आयोजन का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संतोष डहरिया (आयुर्वेद एवं योग डिग्री, टेक ग्रेड–1,पं. रवि शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) एवं पत्रकार–सामाजिक कार्यकर्ता डागेश्वर मांडले द्वारा किया गया। फिंगेश्वर भंडारा समिति के सदस्यों ने भी शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई। तीन दिनों में लगभग 5 हजार श्रद्धालुओं ने शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिनमें से 1500 से 2000 लोगों को आयुर्वेदिक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। प्राकृतिक जड़ी–बूटियों, कंद–मूल,फल–फूल एवं सात्विक आहार आधारित उपचार पद्धति को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

### गुरु संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

गुरु घासीदास बाबा जी ने सदैव सात्विक जीवन, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया है। डॉ. संतोष डहरिया ने कहा कि आयुर्वेद ही सात्विक जीवन की पहली सीढ़ी है, जो प्रकृति के निकट रहकर स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि गुरु के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने हेतु निशुल्क आयुर्वेदिक शिविर सेवा का माध्यम बना है। आस्था, स्वास्थ्य और सेवा का यह अद्भुत संगम गिरौदपुरी धाम में श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय रहा।



पेज 9 के शेष...

### बदलते मौसम...

घुटने के दर्द को बढ़ाते हैं। मांसपेशियों की ताकत घटने से रीढ़ की हड्डी पर दबाव बढ़ता है, जिससे कमर दर्द तेज हो जाता है। दर्द निवारक स्प्रे और तेल अस्थायी राहत तो देते हैं, क्योंकि वे केवल बाहरी हिस्से पर काम करते हैं। यदि अंदर सूजन, नस दबना, डिस्क की समस्या या गंभीर गठिया है, तो बिना सही जांच और उपचार के आराम संभव नहीं।

### सीनापाली में ...

अग्रवाल समेत गांव के अन्य प्रमुखों ने प्रस्ताव रखा ग्रामीणों ने बताया कि 37 साल पहले लिए गए निर्णय का समर्थन करते हुए ग्रामीण हर साल सूखी होली खेलकर विवादों से दूर रहकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाते हैं। इस त्यौहार मे शामिल होने आसपास ग्रामों से लगभग 15 हजार से ज्यादा लोग शामिल होते है।

**3 दिनों तक विशेष भंडारे का आयोजन–** होली के दिन सीनापाली गांव में विशेष भंडारे का आयोजन होता है, इस भंडारे में करीब 15 हजार लोग शामिल होते हैं। ग्राम पंचायत, स्थानीय लोग व श्रद्धालुओं के सहयोग से भंडारे का सफल संचालन होता है। ग्राम के सारे युवा भोजन, पानी, पार्किंग से लेकर सूखी होली को सफल बनाने की जिम्मेदारी संभालते हैं। यज्ञ की पूर्णाहुति होलिका दहन के दिन होती है। अगली सुबह होली के दिन यज्ञ पंडाल में कृष्णजी के रूप में मौजूद शख्स दही–हांडी फोड़ता है। फिर केवल गुलाल से होली खेलने की शुरुआत होती है।

**3 दिनों तक गांव में नहीं जलता चूल्हा–** सीनापाली गांव में होली के 3 दिन पहले से गांववाले एक ही जगह पंडाल में बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं। पूरे गांव में 3 दिन तक किसी भी ग्रामीण के यहां चूल्हा नहीं जलता। ग्रामीण एक ही पंडाल में भोजन कर भाईचारा और एकता की जबरदस्त मिसाल भी पेश करते हैं।

### ओवरलोड वाहनों के ...

डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक मात्र में धान, रेत, गिट्टी और लोहा जैसे भारी सामानों का अवैध रूप से परिवहन कर रहे हैं। इस दौरान नगर में घुसने के साथ ही इनपर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है, जिससे बेधड़क वाहनों का प्रवेश हो रहा है। ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं। इन गड्ढों में भारी वाहनों के फंस जाने से कई घंटों तक जाम लग जाता है।

### धोबी समाज हमारे...

जनपद सभापति श्रीमती चंचल राजा दीवान, सरपंच नरेश बैंस, नरेश मारकण्डेय एवं श्रीमती जितेश्वरी कामेश्वर साहू समाज संरक्षक घनश्याम निर्मलकर, झुमुक निर्मलकर, कल्याण निर्मलकर,ऋषि कुमार निर्मलकर,गणेश निर्मलकर, जनक राम निर्मलकर, परमेश्वर निर्मलकर, मनहरण निर्मलकर, श्रीमती ओमेश्वरी निर्मलकर सहित विभिन्न ग्रामों से आए पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# तिथियों को लेकर भ्रम, क्षेत्र के गांवों में अलग-अलग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

■ बेलर में आज होलिका दहन

होलिका दहन 2026 को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है. होलिका दहन को लेकर एक तो तिथियों की ऐसी उलझन है दूसरी ओर भद्रा का साया भी पूर्णिमा तिथि के साथ बना रहने वाला है। साथ ही 3 मार्च को चंद्र ग्रहण लग रहा है।ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, 2 मार्च को शाम 6:22 से रात 8:53 बजे तक होलिका दहन करना शुभ माना गया था। क्योंकि उस समय प्रदोष काल था। इसलिए क्षेत्र के अनेकों गांव में कल होली दहन कीया गया । क्योंकि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण और सूतक काल होने के कारण इसे शुभ नहीं माना गया। वहीं बेलर सहित बहूत से गांव में 3 मार्च रात्रि में होलिका दहण होगी। वहीं अंचल में होली रंगोत्सव का पर्व 4 मार्च को मनाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि इस बार होलिका दहन की तिथि को लेकर काफी ज्यादा भ्रम की स्थिति बनी हुई है. कुछ लोग कह रहे हैं कि 2 मार्च को होलिका दहन करना सही होगा और कुछ 3 मार्च को कह रहे हैं। ज्योतिषो के जानकारों के मुताबिक, फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 2 मार्च शाम 5 बजकर 57 मिनट तक रहेगी. इसके बादमा तिथि शुरू हो जाएगी, जो प्रदोष काल में प्रवेश करेगी. तो इस हिसाब से जानते हैं कि होलिका दहन किस तिथि को करना सही होगा। वहीं सोमवार को होलिका दहन वाले गांव में सिर्रीखुर्द, देवगांव, खुड़ियाडिही, खुटेरी, मंगलवार को होलिका दहन वाले गांव बारूला , बेलर, बिजली, पतोरी, शामिल हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## कृषक उन्नति योजना से खातों में पहुंची आदान सहायता राशि : चंद्रशेखर

**राजिम।** कृषक उन्नति योजना अंतर्गत गरियाबंद जिले के किसानों के खातों में आदान सहायता राशि हस्तांतरित की गई। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों के हित में निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं, जिससे अन्नदाताओं को आर्थिक संबल मिल रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद व भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में संचालित कृषक उन्नति योजना अन्नदाताओं के सम्मान और समृद्धि की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने एवं आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गरियाबंद जिले में इस वर्ष 83,106 किसानों से 50 लाख 65 हजार 700 क्विंटल धान की खरीदी की गई, जिसकी कुल राशि लगभग 370 करोड़ 19 लाख रुपये है। यह जिले की कृषि प्रगति और किसानों की मेहनत का प्रमाण है। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा धान खरीदी के साथ-साथ अंतर की राशि एकमुश्त एक बार में किसानों के खातों में प्रदान करना अन्नदाता किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे किसानों को आगामी खेती की तैयारी में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले के किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार उनकी समृद्धि के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



## होली पर बदमाशों को थाने में किया तलब और दी चेतावनी

**अभनपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अभनपुर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में अभनपुर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने थाना क्षेत्र के निगरानीशुदा बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों को थाना परिसर में तलब कर सख्त चेतावनी दी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अवैध गतिविधि, नशाखोरी या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बैठक : कलेक्टर-एसपी ने ग्रामीणों से की सौहार्द्र बनाए रखने की अपील

# होली से पहले दुतकैया में शांति की पहल कलेक्टर व एसपी ने ली बैठक, ग्रामीणों ने रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

होली दहन से एक दिन पूर्व रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस ने संवेदनशील माने जा रहे राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम दुतकैया में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष बैठक आयोजित की। बता दें कि पिछले महीने दो समुदायों के बीच हुए आपसी विवाद के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि वर्तमान में हालात सामान्य हैं, लेकिन किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन ने एहतियातन कदम उठाए हैं। बैठक में जिले के कलेक्टर बी एस उइके और पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर अपनी टीम के साथ दुतकैया पहुंचे। ग्राम में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें महिलाएं भी शामिल रही। प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और आपसी सौहार्द्र को प्राथमिकता देने की अपील की। बैठक के दौरान कुछ ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक विशेष समुदाय के लोगों को गांव से बाहर करने की मांग रखी। उनका कहना था कि पूर्व में हुए विवाद के कारण गांव का माहौल बिगड़ा और भविष्य में भी अशांति की आशंका बनी रह सकती है। इस पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को कानूनन गांव से बाहर करने की कार्रवाई संभव नहीं है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि गांव में असामाजिक तत्वों की आवाजाही रोकने के लिए प्रवेश मार्गों पर बैरियर लगाए जाएंगे, साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए जाएंगे। नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी ताकि बाहरी उपद्रवी तत्व गांव में प्रवेश न कर सकें।

■ सुरक्षा बढ़ाने के संकेत, निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन





### ये रहे उपस्थित

कलेक्टर द्वारा आहूत बैठक में एसपी वेदव्रत सिरमौर ,राजिम टीआई अमृत लाल साहू तथा सरपंच गिनी सोनी, उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा ,ग्राम पटेल लखनलाल, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बोधन साहू, जितेन्द्र यादव, दुर्गेश साहू, मदन साहू, भागवत साहू, खिलावन साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



### प्रशासन से की निष्पक्ष जांच की मांग

बैठक के दौरान गांव के वरिष्ठ नागरिक हरिराम साहू ने भावुक होकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि उनका नाती उपेंद्र साहू राजिम के अस्पताल में खाना पहुंचाने गया था। गांव लौटने के बाद उसे भी विवाद में आरोपी बना दिया गया, जबकि उसका घटना से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जांच के बाद जो तथ्य सामने आएं, उसी आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना ठोस साक्ष्य के बेगुनाहों के खिलाफ की गई कार्रवाई से ग्रामीणों में भय का वातावरण बनता है और यह स्थिति सुधारने के बजाय और बिगाड़ सकती है। बैठक में कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि गांव में स्थायी शांति स्थापित करना है। कहा कि कानून अपने दायरे में काम करेगा और निर्दोष लोगों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। हालांकि बैठक में कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया, लेकिन प्रशासन की मौजूदगी से यह संदेश जरूर गया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए शासन गंभीर है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन द्वारा प्रस्तावित सुरक्षा उपाय कितनी प्रभावी साबित होते हैं और गांव में स्थायी शांति किस हद तक कायम रह पाती है।

### लोगों ने कलेक्टर से की शिकायत

बैठक में मौजूद महिलाएं एवं पुरूषो ने खुलकर विशेष समुदाय के लोगों द्वारा उन पर किए गए जुल्मों का सिलसिलेवार बखान किया। महिलाओं ने बताया कि खेत खलिहान जाने पर व विद्यालय जाने के लिए निकले बच्चे उनके मोहल्ले से गुजरने पर अश्लील शब्दो का उपयोग किया जाता है। अतएव उन्हें गांव से बाहर किया जाए तभी गांव में अमन शांति कायम रहेगी।


## होली उत्सव की धूम, बाजारों में बढ़ी भीड़ और हर्बल गुलाल की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इस वर्ष होली पर्व को लेकर मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में जबर्दस्त उत्साह नजर आ रहा है बाजारो में रंग गुलाल पिचकारी पुजन सामग्री शक्कर के माला सहित किराना के सामना खरीदी करने लोगो की भींड उमड रही है हालांकि होली के बीच में दसंवी बारहवी बोर्ड परीक्षा होना से विद्यार्थी पढाई में डुबे हुये है वही दुसरी ओर नगर सहित गांव मोहल्ले में होलिका दहन की तैयारिया की जा रही है।

सामाजिक संस्थाये एंव सरकारी कार्यालयों में होली के एक दिन पहले ही काफी उत्साह देखने को मिला लोग रंग गुलाल खेलते नजर आये वही दुसरी ओर इस बार बाजारो में हर्बल गुलाल की जमकर बिक्री हो रही है, तरह तरह के पिचकारियॉ और रंगो की विरायटी पहुचा है, क्षेत्र में होली का पर्व धुमधाम के साथ मनाया जायेगा जिसके लिए रंग गुलाल पिचकारी खरीदी करने दुकानो में भींड लग गई है, किराना दुकानो में भी अच्छा भींड लगा हुआ है होली में शक्कर के हार का विशेष महत्व है शक्कर के माला की आज जमकर खरीदी बिक्री हुई, तो वही नगाडे की भी जमकर बिक्री बाजार में हुआ है।





**पिचकारियों और गुलाल की मांग-** होली पर्व के चलते बाजार में रंग बिरंगेयो और गुलाल की मांग देखने को मिल रही है वही मिठाई दुकानो में भी भारी भीड़ लगी हुई है इस वर्ष हर्बल गुलाल की मांग बढ गई है बाजार में 70 रूपये से लेकर 150 रूपये तक विभिन्न रंगो के हर्बल गुलाल उपलब्ध है लोग त्वचा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर्बल गुलाल की जमकर खरीदी कर रहे है वही रंग बिरंगे टोपी तथा होली के लिए आकर्शक कपडे की मांग बढी है।

## सामाजिक उत्थान के कार्यों में है पृथ्वी फाउंडेशन की अहम भूमिका : योगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छुरा विकासखंड के ग्राम फूलझर में पृथ्वी फाउंडेशन द्वारा अध्यक्ष योगिता सिन्हा के नेतृत्व में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में आंख, दांत, महिला रोग तथा होम्योपैथी से संबंधित जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मेगा स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक ग्रामवासियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां दी गईं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह भी दी। योगिता सिन्हा ने कहा कि पृथ्वी फाउंडेशन समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले एक वर्ष से गरियाबंद और रायपुर जिले में लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है। इसके अलावा होली पर स्लम बस्तियों में रंग-गुलाल और पिचकारी वितरण, दीपावली पर पटाखों का वितरण तथा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग जैसे कई सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं।

■ फूलझर में पृथ्वी फाउंडेशन का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर





100 से अधिक ग्रामीणों की हुई जांच

**कार्यक्रम में ग्रामवासियों का रहा विशेष सहयोग-** संस्था द्वारा सामाजिक चेतना, महिला सशक्तिकरण और जनजागरूकता के लिए भी निरंतर रचनात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ ग्रामीण अंचल के लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में फूलझर, धूरसा, मुरमुरा और झरझरा के सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। शिविर का आयोजन पृथ्वीम फाउंडेशन द्वारा रोटरी क्लब के चिकित्सकों के सहयोग से किया गया। आयोजन में रुचि सेठ, सविता गोस्वामी, सोनल महाडिक और अनुराधा सारडा की विशेष सहभागिता रही।

## महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज की संगठनात्मक बैठक मिश्रा फार्म हाउस कोमा में आयोजित की गई। प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी दुर्ग की विशेष उपस्थिति में आयोजित बैठक में महिला मंच में सर्वसम्मति से प्रदेश संगठन, रायपुर जिला एवं नवापारा शहर स्तर पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुने गए पदाधिकारी निम्नानुसार हैं। रूचि शर्मा प्रदेश संगठन सचिव, रेनुका तिवारी प्रदेश प्रचार सचिव (मीडिया प्रभारी), रश्मि तिवारी प्रदेश संयुक्त सचिव, पूजा शर्मा संभागीय सचिव घोषित हुई। रायपुर जिला में तारिनी शर्मा महामंत्री एवं नवापारा नगर अध्यक्ष के अतिरिक्त नगर सचिव स्वाति उपाध्याय, जिला महासचिव योगिता शर्मा, सचिव अंजू तिवारी एवं कल्पना पाण्डेय मनोनीत हुए।



नव नियुक्त पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किया। राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि महिला मंच की सक्रियता से ही समाज प्रगति पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं, इसलिए सशक्त सामाजिक संगठन हमारी अनिवार्य आवश्यकता है। इसके लिए नारी शक्ति का विशेष महत्व होता है, अतः महिला मंच का वार्ड से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि महिला मंच की सक्रियता से ही समाज प्रगति पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर तारणी शर्मा, रूचि शर्मा, रेनुका तिवारी, कल्पना पाण्डेय, योगिता शर्मा, रश्मि तिवारी, पूजा शर्मा, स्वाति उपाध्याय, अंजू तिवारी ने अपने संबोधन में समाज में नारी शक्ति की अधिक से अधिक सहभागिता के लिए पूरी मेहनत करने की बात कही। आभार तारणी शर्मा ने व्यक्त किया।

## छुरा स्कूल में होली उत्सव, रंगों और संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में रंगों का पावन पर्व होली अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल, हंसी-खुशी और फाग गीतों की मधुर स्वर लहरियों से गूंज उठा। बच्चों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने मिलकर होली उत्सव को यादगार बना दिया।

■ फाग गीत, ढोल-नगाड़ों और समूह नृत्य से गूंजा विद्यालय परिसर

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक फाग गीतों के साथ हुआ। ढोल-नगाड़ों की थाप पर बच्चों ने पूरे उत्साह से फाग गीत गाए और समूह नृत्य प्रस्तुत किया। रंगों के इस त्योहार में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक सभी ने मर्यादा एवं अनुशासन के साथ उत्सव में सहभागिता निभाई। विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक वातावरण बना रहा, जहां भारतीय परंपरा और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। चूंकि 03 मार्च को ग्रहण होने के कारण धार्मिक मान्यताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में 02 मार्च को ही होली उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में भी जानकारी दी तथा बताया कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है।



बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर मनाया होली का पर्व

इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व आचार्य पिलेन्द्र आडवंशी, प्राचार्य संतोष वर्मा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ—टीकम मरकाम, किरण वर्मा, सेवक निषाद, ओम डहरिया, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, होरीलाल साहू, भारती यादव, अल्का सिन्हा, मैनाज, टेकेश्वरी तारक, कविता यदु, कुंती साहू, गणेषु निषाद, निधिका, यशोदा, रश्मि, राहुल, रेखा, हेमलता एवं डिगेश्वरी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। विद्यालय संचालन समिति की व्यवस्थापक संतोषी यादव एवं अध्यक्ष विजय गुप्ता ने समस्त विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में भारतीय संस्कार, परंपरा और आपसी सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। समापन पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस प्रकार विद्यालय में होली का यह आयोजन उत्साह, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी का हुआ होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



जतमई स्थित बिटवीन जंगल रिसोर्ट में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू हित में कार्य करना तथिक समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने आगामी 31 मार्च 2026 को बिरकोनी (महासमुंद) में आयोजित होने वाले संत समागम एवं चंडी यज्ञ कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती सहित विभिन्न संतों का आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर तैयारी करने का आह्वान किया गया। संत समागम समारोह में धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील भी की गई। बैठक के पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह का आनंद लिया।

**ये रहे मौजूद-** समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रोशन दुबे उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में, प्रदेश प्रभारी सरजू तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मोहिनी शर्मा, महामंत्री प्राची चंद्राकर, उपाध्यक्ष छाया दुबे, प्रदेश कार्यवाह महामंत्री अरविंद दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष देवकरण मरकाम, कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार चंद्राकर तथा प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा मौजूद रहे। महासमुंद एवं गरियाबंद जिला के पदाधिकारीयों सहित सैंकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ता गण शामिल हुवे।

